प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश के सभी अस्पतालों में एक वर्ष के भीतर एम्स की तर्ज पर उपलब्ध होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर लगाया भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–जाठिया देवी में नया शहर बसाने के लिए लोगों की इच्छा के विरूद्ध नहीं होगा भूमि का अधिग्रहण।
- प्रदेश में आज से करवट बदलेगा मौसम–कल राज्य में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी– तूफान का आरेंज अर्लट।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सभी प्रमुख अस्पतालों में एक वर्ष के भीतर एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और सभी पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री आज सुलह में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर सुलह विधानसभा क्षेत्र की सभी पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 15 सौ रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सुलह विधानसभा क्षेत्र में राज्य बिजली बोर्ड का डिविजन कार्यालय खोलने और भवारना को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही 8 सौ पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती में अग्निवीरों को भी स्थान दिया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खिलाफ एस.आई.टी. जांच को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

*उपमुख्यमंत्री भाषण देते हैं कि सुक्खू जी ऐसे नहीं चलेगा कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को मिलते हैं। उनको रात के अंधेरे में निपटाएंगे। दोनों हाथों में डंडा लेकर के ठीक करने की बात कही। मालूम पड़ा है कि एक इंक्वारी के आदेश हुए हैं, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के खिलाफ विजिलेंस की इंक्वारी के आदेश दिए गए हैं। डीजीपी ने उसमें "ज्ञ कंस्टीट्यूट करने की प्राइसेज शुरू कर दी थी। फिर वो जाकर के वो नेता दिल्ली जाकर के पार्टी हाइ कमान को मिलकर के आता है और पार्टी हाई कमान को कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। अल्टीमेटम दिया कि अगर इस जांच को नहीं रोका तो मैं एक हफ्ते के अंदर अपना त्याग पद से दे दूंगा। वो कौन मंत्री हैं? कौन वरिष्ठ नेता है? कांग्रेस के ? कहीं वो तो नहीं जिन्होंने मंडी के उस जश्न की उस सभा में कहा था कि ऐसे नहीं चलेगा, आनन फानन में उस जांच को अब दबा दिया गया है। सही मायने में मुख्यमंत्री जी जांच की कोई शिकायत मिली है ,जांच के आदेश करना चाहते हों, सार्वजनिक होना चाहिए।*

जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार विकास के मामले में शून्य रही है और सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल सिर्फ भाजपा को कोसने में गुजर गया। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की लोकप्रियता रसातल में चली गई है।

शोक व्यक्त

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जम्मू कश्मीर के डोडा जिला में सड़क दुर्घटना में सेना के दस वीर जवानों की शाहदत पर गहरा शोक

व्यक्त किया है। तीनों नेताओं ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान और देश सेवा को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने घायलों की शीर्घ स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आज धर्मशाला के ढगवार स्थित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को संयंत्र के निर्माण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। इस संयंत्र में प्रतिदिन एक लाख 50 हजार लिटर दूध का प्रसंस्करण होगा।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि पीएमजीएसवाई–4 के तहत सिरमौर जिला के लिए 11 सडत्रकें स्वीकृत हुई हैं। इन सड़कों के निर्माण पर एक सौ कराड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। हर्षवर्धन चौहान आज नाहन में जिला स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है और आरडीएस योजनाओं के तहत 8 सौ 59 नये ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाहन मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण को लेकर सरकार गंभीर है।

शिविर

आईजीएमसी शिमला के समुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा शिमला के निकट बल्देयां पंचायत में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पंचायत के एक सौ 20 परिवारों को आईजीएमसी शिमला के एमबीबीएस स्नातक प्रशिक्षु बैच 2023 ने गोद लिया है। इन परिवारों के पांच सौ से अधिक लाभार्थियों की गैर संक्रामक रोग जांच, एनीमिया जांच, वजन, रक्तचाप मधुमेह और हीमोग्लोबिन जैसी जांच की गई।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जाठिया देवी में नया शहर बसाने के लिए स्थानीय लोगों की इच्छा के विरूद्ध एक भी इंच भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा करना उनका दायित्व है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

***विक्रमादित्य बाइट – इसमें मैंने बिल्कुल साफ बात कही है कि 1 इंच जमीन सरकार बिना लोगों के अनुमति के नहींलेगी, अगर कोई अपने तरफ से जमीन देना चाहता है तो नेगोशिएशन के माध्यम से जमीन ली जाएगी, उसके लिए हम उनका स्वागत करते हैं। इसके इसके मारफत मैंने जो हिमूड़ा के सीईओ है उनसे भी बात करी है क्योंकि ये मेरा निर्वाचन क्षेत्र भी है। मंत्री होने के साथ–साथ मुझे वहां के लोगों की जो समस्याएं हैं। उसका निवारण भी करना है, वो भी सुनना है, हम चाहते हैं कि डेवलपमेंट हो, इसमें कोई दोराये नहीं, शहर आना चाहिए।***

इस सैटेलाईट टाउनशिप के लिए 12 सौ बीघा जमीन का अधिग्रहण किया जाना है जबकि 2 सौ 60 बीघा जमीन का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है।

मौसम

प्रदेश में आज से मौसम के करवट बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में आज से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से आज रात से प्रदेश में वर्षा और बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में 24 जनवरी तक वर्षा और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग ने कल 23 जनवरी को राज्य के तीन जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ऑरेंज अर्लट भी जारी किया है।

***प्रदेश में आज 22 जनवरी की रात से ही बारिश का दौर चालू हो जाएगा और हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में बारिश और बर्फबारी का दौर कल 23 जनवरी को देखने को मिलेगा और इसका असर जो है 24 जनवरी की सुबह तक रुक रुककर देखने को मिलता रहेगा और मुख्य रूप से लाहौल स्पीति, चंबा जिला है और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले स्थान हैं वहां पर भारी बर्फबारी होने की संभावनाएं बनी हुई है। कल 23 जनवरी को इसको ध्यान में रखते हुए ऑरेंज अलर्ट हमने लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू जैसे जिलों के लिए हमने जारी किया हुआ है। ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर और मंडी जैसे जिलों में भरी बारिश की संभावना कल 23 को बनी हुई है। कांगड़ा जिला,ऊना, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर जिले में ओलावृष्टि होने की कल 23 जनवरी को संभावना बनी हुई है।***

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश के सभी अस्पतालों में एक वर्ष के भीतर एम्स की तर्ज पर उपलब्ध होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर लगाया भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–जाठिया देवी में नया शहर बसाने के लिए लोगों की इच्छा के विरूद्ध नहीं होगा भूमि का अधिग्रहण।
- प्रदेश में आज से करवट बदलेगा मौसम–कल राज्य में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी– तूफान का आरेंज अलर्ट।